लंबी प्रतीक्षा के बाद बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जिस विमानन नीति पर मुहर लगाई उसके पीछे दो खास मकसद साफ दिखते हैं। एक, घरेलू विमान यात्रा का दायरा बढ़ाना। दूसरा, उसे सस्ता और सुगम बनाना। देश में अभी लगभग सालाना आठ करोड़ हवाई टिकट बिकते हैं। नई नीति का लक्ष्य इसे 2022 तक तीस करोड़ तक ले जाने का है। इसमें दो राय नहीं कि नई विमानन नीति से देश में हवाई सफर बढ़ेगा, पर यह कहना अभी अति उत्साह होगा कि इस कारोबार की वैश्विक सूची में भारत छह साल में ही नौवें से तीसरे स्थान पर आ जाएगा। क्षेत्रीय हवाई सफर को आकर्षक बनाने के मकसद से सरकार ने आधे घंटे के किराए के लिए बारह सौ पचास रुपए और एक घंटे के लिए ढाई हजार रुपए की सीमा तय की है। पर यह प्रावधान दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों के बीच हवाई सफर की सूरत में ही लागू होगा। देश में पच्चीस शहरों के बीच फिलहाल अठारह ऐसे नियमित मार्ग हैं जहां हवाई सफर का समय एक घंटे से कम है। एक घंटे तक के सस्ते किराए का मकसद देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और इसका लाभ उठाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को आकर्षित करना है। विमानन कारोबार में तेजी लाने के लिए नई नीति में कुछ और भी तजवीज की गई है। जैसे, 5/20 का नियम खत्म कर दिया है। इस नियम के तहत उन्हीं विमानन कंपनियों को विदेशी उड़ानों की इजाजत दी जाती रही है जिनके पास पांच साल का अनुभव और कम से कम बीस विमान हों। अब विदेशी उड़ान की शर्तें आसान कर दी गई हैं। अब कोई भी घरेलू एअरलाइन विदेश के लिए उड़ान भर सकती है, शर्त यह होगी कि उसे अपने बीस विमानों को या अपनी कुल क्षमता के बीस फीसद को घरेलू उड़ानों के लिए लगाना होगा। घरेलू टिकट रद्द कराने पर पंद्रह दिनों में और अंतरराष्ट्रीय टिकट रद्द कराने पर तीस दिनों में ग्राहकों को पैसा वापस करना होगा। तय सामान यानी पंद्रह किलो से ज्यादा वजन पर घरेलू उड़ान में सौ रुपए प्रति किलो ही शुल्क लगेगा। नई नीति को लेकर स्वाभाविक ही बाजार ने उत्साह दिखाया है; नीति घोषित होते ही कई एअरलाइनों के शेयरों की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज हुई। पर बाजार के जोश दिखाने के बावजूद नई विमानन नीति की कुछ चुनौतियां भी हैं। घरेलू क्षेत्रीय उड़ानों को किफायती बनाने की कुछ कीमत सरकारी खजाने को चुकानी पड़ सकती है, नुकसान होने की सूरत में सरकार ने अस्सी फीसद तक की भरपाई का भरोसा दिलाया है। यही नहीं, राज्य सरकारों को छोटे शहर के हवाई अड्डे पर विमान के ईंधन पर लगने वाला वैट एक फीसद या उससे कम करना होगा। फिलहाल दो से

पच्चीस फीसद तक वैट लिया जाता है। राज्यों को हवाई अड््डा शुल्क, उप-कर छोड़ना पड़ सकता है या उनमें खासी कटौती झेलनी पड़ सकती है। टिकट की कीमत पर सेवा-कर भी घटाना पड़ सकता है। क्या राज्य इसके लिए तैयार होंगे? क्या कंपनियां किराए की अधिकतम सीमा का नियम आसानी से स्वीकार कर लेंगी? नई विमानन नीति की घोषणा के बाद एक बड़ी चुनौती ढांचागत दुरुस्ती की होगी। आंचलिक हवाई संपर्क योजना को व्यावहारिक रूप देने के लिए बहुत-से अड््डों का पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण करना होगा; कई नए हवाई अड््डे बनाने होंगे। जाहिर है, नई विमानन नीति की सफलता का दारोमदार बहुत कुछ राज्यों के सहयोग पर भी निर्भर करता है।

---

# बिज़नेस स्टैंडर्ड

**Date: 18-06-16**

# भारतीय किसान और ब्रेक्सिट

**टी. एन. नाइनन**

महारानी इलिजाबेथ को हर वर्ष यूरोपीय संघ से करीब 650,000 पाउंड (6 करोड़ रुपये से अधिक)की सब्सिडी मिलती है। यह सब्सिडी उन्हें नॉरफक स्थित सैनड्रिंगम एस्टेट के 20,000 एकड़ के खेत के कामकाज के लिए मिलती है। ऐसे कम ही ब्रिटिश नागरिक होंगे जिनको ऐसी सब्सिडी मिलती हो। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का योगदान एक फीसदी से भी कम है। 6.5 करोड़ की आबादी वाले इस देश में करीब 5 लाख लोग ही खेती के काम में लगे हैं। 700 एकड़ के एक खेत को संभालने के लिए बमुश्किल साढ़े तीन लोगों की जरूरत पड़ती है। किसान उपग्रह संचालित ट्रैक्टर का प्रयोग करते हैं जो बिना चालक के एकदम सीधी रेखा में चलते हैं। ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस)का प्रयोग करके सब्जियां बोई जाती हैं। उनकी कटाई भी मशीनों की मदद से की जाती है। ब्रिटेन की खेती के लिए सालाना यूरोपीय सब्सिडी करीब 30,000 करोड़ रुपये के बराबर है। प्रति खेत और प्रति किसान यह राशि सालाना करीब 6 लाख रुपये पड़ती है।

इसकी प्रासंंगिकता क्या है? ब्रिटेन बहुत जल्दी इस बात पर मतदान करने जा रहा है कि वह यूरोपीय संघ में रहेगा या नहीं। पूरे देश में ब्रेक्सिट (ब्रिटेन के यूरो क्षेत्र से बहिर्गमन) को लेकर बहस चल रही

है। यह बहस मूलरूप से आव्रजन पर केंद्रित है। ब्रिटेन में किसानों की संख्या बहुत अधिक नहीं है। विशेषज्ञ लगातार इस निर्णय के आर्थिक पहलुओं और प्रभावों पर चर्चा करते रहे हैं लेकिन इस विषय पर बहुत अधिक बात नहीं हुई है कि आखिर ब्रिटेन के यूरो क्षेत्र से बाहर निकलने का निर्णय देश में कृषि को किस प्रकार प्रभावित करेगा। अलग होने पर न केवल उसे सब्सिडी के रूप में मिलने वाली मदद समाप्त हो जाएगी बल्कि देश की आधा अरब आबादी का यूरोपीय बाजारों में संरक्षित प्रवेश भी समाप्त हो जाएगा।

इस कमी को पूरा किया है लंदन रिव्यू ऑफ बुक्स के ताजातरीन अंक में लिखे जेम्स मीक के लेख 'हाउ टु ग्रो अ वीटाबिक्स' ने। महारानी की सब्सिडी और जीपीएस आधारित ट्रैक्टर जैसे तथ्य मैंने वहीं से लिए हैं। मीक कहते हैं कि यूरोपीय या उसके समकक्ष किसी अन्य सब्सिडी के बिना ब्रिटेन की खेती बहुत बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। रोचक बात है कि इस सब्सिडी का एक तिहाई या उससे अधिक हिस्सा अंदरूनी इलाकों की देखरेख, चिडियों और तितलियों की रक्षा आदि के लिए होता है। संक्षेप में कहा जाए तो मीक दुनिया भर के गरीब देशों में किसानों की बात करते हुए यह जायजा लेते हैं कि अगर वहां सब्सिडी नहीं हो तो क्या होगा। यहां पर हमारे लिए ब्रेक्सिट महत्त्वपूर्ण है।

जो लोग यूरोपीय संघ से अलग होना चाहते हैं उनकी एक दलील यह भी है कि उस स्थिति में ब्रिटेन भारत, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते आदि पर अपने स्तर पर चर्चा और मोलभाव कर सकेगा। अलग होने के एक प्रमुख हिमायती की दलील है कि सन 1973 में यूरोपीय संघ में शामिल होने का अग्रदूत बनने से पहले ब्रिटेन शुल्क मुक्त खाद्य आयात को अनुमति देता था। यह तब था जब वह अपने किसानों को सब्सिडी भी दे रहा था। ऐसे में किसी के मन में यह सवाल उठ सकता है कि ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर होने के बाद क्या कोई मुक्त व्यापार समझौता कृषि उत्पादों को भी कारोबार के लिए पेश करेगा जबकि उस वक्त तक ब्रिटेन में कृषि की लागत बढ़ चुकी होगी? शायद, लेकिन उसका अर्थ सब्सिडी का अंत नहीं होगा। अगर ब्रिटेन के खेत (महारानी इलिजाबेथ के सैनड्रिंगम समेत) और अन्य इलाके मौजूदा स्थिति में केवल सब्सिडी की बदौलत बचे हुए हैं तो कोई भी सरकार केवल भारत जैसे देश के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए उसे तिलांजलि नहीं देगी। हमारे देश के तमाम प्रकाशनों के संपादकीय लेखकों में सरकार की कृषि नीतियों की आलोचना करने की आदत है। खासतौर पर कई जटिल, अक्षम और मूल्यों में विसंगति पैदा करने वाले सब्सिडी को लेकर। हमारे देश में कृषि को दी जाने वाली कुल सब्सिडी का आकार यूरोपीय संघ द्वारा ब्रिटेन को दी जाने वाली सब्सिडी से काफी ज्यादा है लेकिन हमारी खेती का आकार भी तो ब्रिटेन की तुलना में 15 गुना है। प्रश्न यह है कि क्या हमें सन 1973 के पहले के ब्रिटेन का अनुसरण करने से लाभ होगा? यानी क्या विसंगति और अक्षमता दूर करने और कृषि क्षेत्र में शुल्क मुक्त व्यापार से? हमें यह भी सुनिश्चित रखना होगा

कि किसानों को नकद सब्सिडी भुगतान निरंतर मिलता रहे ताकि वे कृषि जगत की अनिश्चितताओं से निपटते रह सकें। शायद तभी किसान और उपभोक्ता दोनों प्रसन्न हो सकेंगे

---

**Date: 18-06-16**

# चामलिंग शैली की राजनीति को क्या मिलेगी चुनौती ?

# आदिति फडणीस

सिक्किम के मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग देश में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह पांचवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कामकाज संभाल रहे हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी लेकिन उनकी दिल्ली यात्रा मीडिया की सुर्खियां नहीं बन पाईं। लेकिन वह तो इन बातों से बेपरवाह रहते हैं। वह एक ऐसे राज्य के मुख्यमंत्री हैं जो मानव विकास सूचकांक के अधिकांश मानकों में बहुत अच्छी स्थिति में है। ये उपलब्धियां उनके मुख्यमंत्री रहते समय ही हासिल की गई हैं। यह सच है कि उन पर भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के कई आरोप लग चुके हैं। इन मामलों में उनकी दो पत्नियों और उनके बच्चों के अलावा रिश्तेदारों के शामिल होने के भी आरोप लगते रहे हैं। इसके बावजूद सिक्किम के लोगों ने उन्हें बार-बार चुनाव जिताया है। वैसे वर्ष 2014 में हुए पिछले चुनाव में लोगों ने चामलिंग को कुछ चेतावनी भी दी।

चामलिंग एक सामान्य खेतिहर परिवार से हैं। उनकी इच्छा ऊंची तालीम हासिल करने की थी लेकिन गरीबी की वजह से उनकी यह इच्छा अधूरी ही रह गई। मजबूरी में उन्होंने पुलिस विभाग में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की लेकिन अपने कवि-हृदय के कारण उनका मन इसमें नहीं लगा। उसी दौरान सिक्किम के भारतीय संघ में विलय को लेकर बड़े पैमाने पर चल रहे आंदोलन से वह प्रभावित होकर सार्वजनिक जीवन में कूद पड़े। चामलिंग के मुताबिक सिक्किम नरेश चोग्याल के खिलाफ हुआ विद्रोह असल में एक क्रांति थी जिसने काजी शासन को उखाड़कर फेंक दिया और समूचे सिक्किम के युवाओं को जोश से भर दिया था।

इन्हीं लोगों में नरबहादुर भंडारी भी थे जो आगे चलकर सिक्किम के मुख्यमंत्री बने। चामलिंग ने पहली बार अपना विधानसभा चुनाव 1989 में बंपर वोटों से जीता था। उन्हें 96.6 फीसदी मत हासिल हुए थे। उनकी बेशुमार लोकप्रियता को देख भंडारी ने भी उन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल होने का प्रस्ताव दे दिया। चामलिंग ने उनकी पेशकश स्वीकार तो कर ली लेकिन दोनों क ा साथ ज्यादा लंबा नहीं चल पाया। ढाई साल तक भंडारी सरकार में मंत्री रहने के बाद चामलिंग ने इस्तीफा दे दिया और वर्ष 1993 में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रं ट (एसडीएफ) के नाम से एक नई पार्टी बना ली। उसके बाद से चामलिंग ने कामयाबी का इतिहास रचना शुरू कर दिया। अगले ही साल हुए विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 32 में से 19 सीटों पर कब्जा कर लिया और चामलिंग पहली बार इस राज्य के मुख्यमंत्री बने। उसके बाद तो 1999, 2004, 20009 और फिर 2014 में हुए विधानसभा चुनावों में वह अपनी कामयाबी दोहराते चले गए। वर्ष 2009 में हुए चुनाव में तो उनकी पार्टी ने सभी 32 सीटें जीत ली थी।

इस शानदार रिकॉर्ड को देखकर यह सवाल उठता है कि चामलिंग ने यह मुकाम हासिल कैसे किया? उन्होंने लिम्बू और तमांग समुदायों को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए लंबा संघर्ष किया और इसमें सफल भी हुए। सिक्किम में 20 फीसदी आबादी भूटिया-लेप्चा समुदाय की है और 40 फीसदी आबादी में नेवार जैसी अन्य पिछड़ी जातियां शामिल हैं। लिम्बू, राई और तमांग समुदायों की संख्या भी कुल आबादी का करीब 20 फीसदी है। जब ये जातियां आरक्षण के दायरे में आ गईं तो स्वाभाविक तौर पर चामलिंग का सामाजिक आधार मजबूत हो गया।

लेकिन के वल पहचान की राजनीति से बात नहीं बन सकती थी। आपको सरकार में रहते हुए काम करके भी दिखाना होता है और चामलिंग ने इस मोर्चे पर भी खुद को साबित किया है। योजना आयोग (अब नीति आयोग) के आंकड़ों के मुताबिक सिक्किम गरीबी को कम करने में सबसे ज्यादा सफल हुआ है। वर्ष 2004-5 की 30.9 फीसदी आबादी के मुकाबले 2011-12 में केवल 8.2 फीसदी आबादी ही गरीबी रेखा के नीचे रह गई थी। संयुक्त राष्ट्र विकास कोष के सहयोग से 2014 में तैयार सिक्किम मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट से यह तस्वीर और ज्यादा साफ हो जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2001 और 2012 के बीच सिक्किम का शुद्ध घरेलू उत्पाद 17 फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ा है जबकि राष्ट्रीय औसत 10 फीसदी था। यह देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा दर थी।

सिक्किम क ी मानव विकास रिपोर्ट से साफ होता है कि उद्योग और विनिर्माण क्षेत्रों के साथ ही सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देकर यह उच्च वृद्धि दर हासिल हुई है। इसमें कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग नगण्य है। ऊंची विकास दर का परिणाम यह हुआ कि सिक्किम में प्रति व्यक्ति आय 2001 की तुलना में लगभग चार गुना बढ़कर 2011-12 में 69 हजार 202 रुपये हो गई। आज के समय में सिक्किम न केवल उत्तर-पूर्वी राज्यों में प्रति व्यक्ति आय के मामले में सबसे आगे है बल्कि पूरे देश में पांचवें स्थान पर

है। सामाजिक क्षेत्रों पर सरकार का प्रति व्यक्ति खर्च 2001 के 4,810 रुपये से बढ़कर 2012 में 28,661 रुपये पर पहुंच गया। इस अवधि में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर खर्च में क्रमश: 12 और 18 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई।

इन सबके बावजूद एसडीएफ के लिए वर्ष 2014 का चुनाव परिणाम थोड़ा निराशाजनक कैसे हो गया? भले ही चामलिंग सरकार बनाने में कामयाब हो गए लेकिन उनकी पार्टी 32 में से 22 सीटें ही जीत पाई। बाकी 10 सीटें एक साल पहले ही बनी पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने जीत ली थीं। कभी चामलिंग के सहयोगी रहे प्रेम सिंह तमांग ने यह नई पार्टी बनाई है। हो सकता है कि यह सिक्किम के निवासियों की कुछ ज्यादा की चाहत रखने का नतीजा हो या फिर व्यवस्था में फैल रहे भ्रष्टाचार के बारे में दिख रहे संकेत हों। दोनों ही स्थितियों में वर्ष 2019 में होने वाले चुनाव चामलिंग की कड़ी परीक्षा ले सकते हैं।

---

दैनिक भास्कर

**Date: 18-06-16**

# राज्यसभा का चुनाव भी जनता करे

**वेदप्रताप वैदिक**

अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने जो बात लोकतंत्र के लिए कही थी, वही बात उलटकर मैं हमारी राज्यसभा के लिए कहना चाहता हूं। हमारी राज्यसभा राज्यों की सभा नहीं रह गई हैं। वह नेताओं के लिए, नेताओं द्वारा, नेताओं की सभा बन गई है। इसका न तो राज्यों से कोई सीधा संबंध रह गया है और न ही जनता से भी। राज्यसभा नेताओं के जेब का खिलौना बन गई है, इसीलिए भ्रष्टाचार की सारी तरकीबें राज्यसभा के चुनाव में अपनाई जाती हैं। अभी-अभी संपन्न हुए राज्यसभा चुनावों को लेकर कर्नाटक, उत्तरप्रदेश और हरियाणा में जो नौटंकी हुई, उसने नेताओं की छवि तो विकृत की ही, चुनाव आयोग को भी संदेह के घेरे में ला खड़ा किया।

क्या कोई सोच सकता है कि जो आदमी बरसों विधानसभा का सदस्य और मंत्री रहा है, उसे वोट डालना नहीं आता? यदि सचमुच उसे वोट देना नहीं आता तो वह विधायक किस मुंह से है? कांग्रेस के 13 विधायकों के वोट रद्द हो गए। कैसे हो गए? क्योंकि उनकी स्याही बदली हुई थी। उन्होंने जिस पेन से निशान लगाए थे, वह किसी ने बदल दिया। चुनाव आयोग के पेन को उसने जेब में डाल लिया और अपना पेन मतदान की मेज पर रख दिया। हो सकता है कि बदले हुए पेन के बारे में विधायकों को पता ही न हो और जैसा कि आरोप लगाया जा रहा है, यह पेन बदलना कुछ कांग्रेसी नेताओं की मिलीभगत का नतीजा है। वे राज्यसभा उम्मीदवार आरके आनंद को हराना चाहते थे। चुनाव आयोग ने आनंद को पराजित और भाजपा समर्थित सुभाषचंद्र को चुना हुआ घोषित कर दिया। अब सारे मामले की जांच चल रही है। यह मामला अदालत में भी जाएगा।

यह समझ में नहीं आया कि सिर्फ पेन या स्याही बदलने से कोई वोट कैसे बदल जाता है? गहरी नीली स्याही की बजाय हल्की नीली स्याही में नाम लिखने से क्या राम का नाम बदलकर रावण हो जाता है? यदि चुनाव अधिकारी को कुछ शक हुआ था तो उस चुनाव-परिणाम को उसे रोक लेना चाहिए था। उसने चुनाव-परिणाम की घोषणा कर दी, यहीं दाल में कुछ काला मालूम पड़ता है। क्या चुनाव अधिकारी उस समय ऊंघ रहे थे, जब विधायक वोट का निशान लगा रहे थे? यदि कोई विधायक पेन खोलकर उसकी सारी स्याही मतदान-पेटी में उलट देता तो चुनाव आयोग क्या करता? जो भी हो, यह मतदान दुबारा होना चाहिए, वरना चुनाव-आयोग की बदनामी तो होगी ही, कांग्रेस-भाजपा के चेहरों पर भी काले दाग उभर आएंगे।

यह स्थिति हरियाणा में ही नहीं, कर्नाटक और उत्तरप्रदेश में भी देखने में आई है। विभिन्न पार्टियों ने अपने-अपने विधायकों को मुअत्तल कर दिया है। उन पर शक है कि उलट-मतदान करने के लिए उन्होंने दूसरी पार्टी के उम्मीदवारों से करोड़ों रुपए खाए हैं। यह कोई नई बात नहीं है।

कई लोग करोड़ों-अरबों कमा लेते हैं, उन्हें भी कभी-कभी अपना जीवन खाली-खाली लगता है। वे सोचते हैं कि पैसा तो कमा लिया उन्होंने, सम्मान वे कहां से लाएं? तो वे आसान तरीका खोज लेते हैं। वह है, राज्यसभा के सदस्य बनना। राज्यसभा के सदस्य बनने के लिए आपकी उम्र 30 साल होनी चाहिए। आपको कोई बीए, एमए, पीएचडी होने की जरूरत नहीं है। आप पैसे खर्च कीजिए और पार उतर जाइए। जरूरी नहीं कि आप नगर पालिका का चुनाव भी जीत सकते हों, आपने समाजसेवा का कोई अदभुत काम किया हो या आप विलक्षण प्रतिभा के धनी हों। आपको जो विधायक वोट देने वाले हैं, उनको आप जानते हों, यह भी जरूरी नहीं है। बस पार्टी-नेता को पटाइए और आप राज्यसभा में! आप भी नेता बन गए। नेताओं पर नेता की कृपा बनी रहे। यह बात विभिन्न पार्टियों के बहुत से योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों पर लागू होती है। उनका जनता से कुछ सीधा लेना-देना नहीं है। राज्यसभा को 'वरिष्ठों का

सदन' कहा जाता है। इसमें सभी पार्टियां अपने ऐसे नेताओं को भेजती है, जो या तो चुनाव हार जाते हैं या वे चुनाव लड़ने लायक नहीं होते या जिनके मुंह बंद करने के लिए उनमें लड्डू रखना जरूरी होता है।

राज्यसभा के ये सदस्य ब्रिटेन के 'हाउस आॅफ लाॅर्ड्स' की तरह वरिष्ठ, अनुभवी और परंपरागत लोग नहीं होते हैं। राज्यसभा में प्रायः उन्हीं लोगों को पार्टियां उम्मीदवार बनाती हैं, जो अपने-अपने नेताओं के अंधभक्त होते हैं, चाटुकारिता-कला में प्रवीण होते हैं या पार्टी के लिए पैसा जुटाने या दलाली में मुस्तैद होते हैं। राज्यसभा के उम्मीदवारों को अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधि होना चाहिए लेकिन वास्तव में वे अपनी-अपनी पार्टी के नेता का प्रतिनिधित्व करते हैं। राज्यसभा में किसी सामान्य आदमी को, जो बहुत काबिल हो, चुनकर नहीं भेजा जाता है। उसे इसके बावजूद नहीं भेजा जाता है कि वह अपने राज्य की समस्याओं का विशेषज्ञ है और वह सदस्य के नाते जो सुझाव देगा, उनसे राज्य का बहुत लाभ होगा। अब तो संविधान से यह प्रावधान भी हट गया है कि आप जिस राज्य से चुनकर आते हैं, उसके मूल-निवासी हों। पहले झूठे निवास प्रमाण-पत्र दिए जाते थे। अब उनकी भी जरूरत नहीं रही। राज्यसभा में राष्ट्रपति द्वारा नामजद 12 सदस्यों की चयन-प्रक्रिया भी पारदर्शी नहीं है। उसमें ऐसे-ऐसे लोग नामजद हो जाते हैं, जो छह साल की अवधि में छह बार भी मुंह नहीं खोलते।

मैं समझता हूं कि हमारी राज्यसभा को मूल रूप से राज्यों की सभा बनाना चाहिए। यदि हमें संघात्मक भारत चाहिए तो अमेरिका की तरह सभी भारतीय राज्यों को राज्यसभा में समान प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उत्तरप्रदेश को 31 सीटें और गोवा, सिक्किम वगैरह को सिर्फ एक-एक क्यों? यदि संविधान संशोधन के वक्त हर राज्य को एक वोट है तो राज्यसभा-सीटों में समान संख्या क्यों नहीं? प्रत्येक राज्यसभा उम्मीदवार को अपने प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। राज्यसभा का उम्मीदवार कौन बनेगा, यह पार्टी-नेता तय नहीं करें बल्कि उस राज्य की पार्टी शााखा आंतरिक चुनाव से करे। राज्यसभा का चुनाव सीधे जनता द्वारा क्यों नहीं किया जाए, जैसा कि सीनेट का होता है? इसी आधार पर लोकसभा की तरह उसे पूर्ण वितीय अधिकार क्यों नहीं दिए जाएं ताकि देश में संघात्मक शासन प्रणाली असलियत बन जाए। उम्मीदवारों की आयु 30 की बजाय 40 की जाए ताकि परिपक्व और अनुभवी लोग 'वरिष्ठ सदन' में बैठे। राज्यसभा में नामजदगी के लिए एक पैनल बनना चाहिए, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश होना चाहिए। यदि हम हमारी राज्यसभा को वरिष्ठों का सदन बनाना चाहते हैं, यदि हम उसे हमारी संघात्मकता का आधार-स्तंभ बना हुआ देखना चाहते हैं और सचमुच उसे हम राज्यों का प्रतिनिधि सदन बनाना चाहते हैं तो हमें राज्यसभा के ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए तैयार हो जाना चाहिए।

---

दैनिक जागरण

**Date: 18-06-16**

# हक के इंतजार में किसान

साल 2016-17 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रति क्विंटल 5100 रुपये होना चाहिए था। इस पर चौंकने की जरूरत नहीं है। वैधानिक रूप से किसानों को इतनी ही राशि मिलनी चाहिए। यह और बात है कि कठिन परिश्रम और लगातार दो साल के सूखे के बावजूद सभी किसानों को उनकी हर किस्म की धान की फसल की कीमत प्रति क्विंटल 1470 रुपये तय की गई है, जो कि बहुत ही कम है। देखा जाए तो धान के लिए तय एमएसपी में गत साल के मुकाबले इस साल सिर्फ 60 रुपये ही बढ़ोतरी हुई है। यह बहुत ही मामूली बढ़ोतरी है। यह वृद्धि खाद्य मुद्रास्फीति की तुलना में कम है और घोर भेदभाव का उदाहरण भी है। एक तरफ जब थोक मुद्रास्फीति में स्थिरता के बावजूद सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते में हर छह महीने में बढ़ोतरी हो जाती है और इससे भी बढ़कर महंगाई भत्ता उनके मूल वेतन का हिस्सा बना दिया जाता है, तब मुझे किसानों को जानबूझकर गरीब रखने का औचित्य समझ में नहीं आता है?

किसानों को उनकी वैधानिक आय से वंचित करना ही भयानक कृषि संकट का एकमात्र कारण है, जो लगातार गहराता जा रहा है। एक तरफ किसान अपनी फसलों की अधिक कीमत मिलने की उम्मीद पाले हुए हैं, लेकिन दूसरी ओर सरकारें चाहती हैं कि खाद्य महंगाई को नीचे रखने का सारा बोझ किसान उठाएं। किसानों को आर्थिक लाभ की बात तो भूल ही जाएं, दरअसल अनाज पैदा करने के लिए उन्हें एक तरह से दंडित किया जा रहा है। यदि इन बातों पर विश्वास न हो तो इन आंकड़ों पर गौर फरमाएं। 1970 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 51 रुपये था। 2016 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 1470 रुपये तय किया गया है। इस बीच न्यूनतम समर्थन मूल्य में करीब 29 गुना बढ़ोतरी हुई है। इसी अवधि में सरकारी कर्मचारियों, कॉलेज शिक्षकों-प्रोफेसरों, स्कूल शिक्षकों और मध्यम स्तर के कॉरपोरेट कर्मचारियों के मासिक वेतन में क्रमश: 120 से 150 गुना, 150 से

170 गुना, 280 से 320 गुना और 300 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसमें मैंने 1970 में प्रचलित सिर्फ मूल वेतन और महंगाई भत्ते की गणना की है। गत 25 साल की अवधि में ही विभिन्न संगठित क्षेत्रों में कार्यरत कर्मियों के मासिक वेतन में 120 से 300 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। चलिए वेतन वृद्धि का आसानी से मूल्यांकन करने के लिए मूल वेतन में सौ गुना वृद्धि को बेंचमार्क बनाते हैं। यदि किसानों की आय में इसी अनुपात में वृद्धि की गई होती और यदि किसानों की आय की गणना न्यूनतम समर्थन मूल्य में की जाए तो धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5100 रुपये प्रति क्विंटल होना चाहिए था। इस प्रकार किसानों को कम से कम प्रति क्विंटल 3630 रुपये कम मिल रहे हैं। समाज के दूसरे क्षेत्रों के बराबर आय से किसानों को वंचित करने के कारण ही कृषि आज घाटे का सौदा बन गई है। जीवन-यापन के लिए जरूरी आय के अभाव के चलते ही आज किसान कर्ज के दलदल में फंसते गए हैं। बीते बीस सालों से किसानों की आत्महत्या का मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर हो गया है।

सातवें वेतन आयोग में एक चपरासी का मूल वेतन करीब 260 प्रतिशत बढ़कर 7000 रुपये से 18000 प्रति महीने हो गया है। इसके साथ ही कर्मचारियों को 108 तरह के भत्ते मिलेंगे, लेकिन किसानों को उनके एमएसपी के अतिरिक्त एक भी भत्ता नहीं दिया जाता है। यदि एमएसपी के साथ सिर्फ चार भत्ते आवास, डीए, स्वास्थ्य और शिक्षा जोड़े जाएं तो भारतीय कृषि की बदहाल तस्वीर अच्छी हो जाएगी। भारतीय कृषि विकास की धुरी बन जाएगी और खेती एक समृद्ध व्यवसाय बन जाएगी। लेकिन जैसे ही कोई उच्च एमएसपी की मांग करने लगता है वैसे ही अर्थशास्त्री खाद्य महंगाई की ऊंची दर का डर दिखाने लगते हैं। अब सवाल यह खड़ा होता है कि जिन लोगों को महंगाई भत्ता दिया जाता है उनको खाद्य महंगाई से अप्रभावित रखने के लिए किसानों को क्यों कष्ट दिया जाना चाहिए? खाद्य कीमतों को नीचे रखने का बोझ औसत उपभोक्ता क्यों नहीं साझा कर सकते? आखिर अर्थशास्त्री इस बात को क्यों नहीं समझते कि देश में किसान ही एक ऐसा समुदाय है जिसे उसकी वैधानिक आय से वंचित किया जा रहा है? किसानों को कृषि कल्याण के नाम पर लिए जाने वाले 0.5 प्रतिशत सेवा कर की जरूरत नहीं है। उन्हें समाज के दूसरे हिस्से के समान ही उच्च एमएसपी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हो सकता तो वित्त मंत्रालय भी सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट को अस्वीकार करे। एक छोटे हिस्से को संतुष्ट करने के लिए एक बड़े हिस्से की बलि नहीं दी जा सकती है। किसानों के कल्याण के लिए उपकर और दूसरी तरफ सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग-इससे असमानता की गंध आती है।

यह किसान आय आयोग गठन करने का सही समय है। मेरा सुझाव है कि सरकार एमएसपी की तय 1470 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी करे। 3630 रुपये प्रति क्विंटल की दर से शेष रकम को सरकार सीधे धान उत्पादकों के बैंक खाते में जमा करा दे। चूंकि जनधन योजना के तहत सभी किसानों के बैंक खाते खुल गए हैं लिहाजा इसमें कोई परेशानी नहीं होगी। इससे खाद्य महंगाई भी

नियंत्रण में रहेगी और साथ ही किसानों की आय में असुरक्षा का मुद्दा भी सुलझ जाएगा। यदि सरकार सातवें वेतन आयोग के जरिए 45 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 50 लाख पेंशनधारियों पर सालाना 1.02 लाख करोड़ का अतिरिक्त खर्च करने को तैयार है तो इसी तरह धान उत्पादकों के लिए इतनी राशि उपलब्ध क्यों नहीं की जा सकती है। किसानों के हाथों में जितना पैसा होगा उतनी ही ज्यादा मांग पैदा होगी। यह मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक विकास के लिए पहली शर्त है, जो कि पर्याप्त घरेलू मांग के अभाव में अभी पीछे छूट रहा है। मेरी समझ से यह कदम प्रधानमंत्री की सबका साथ सबका विकास की भावना को चरितार्थ करेगा।

[लेखक देविंदर शर्मा, कृषि और खाद्य नीतियों के विश्लेषक हैं ]

---

**Date: 18-06-16**

# सबसे बड़ा चुनाव सुधार

हमें चुनावों से आगे जाना होगा, हमें चुनावों द्वारा स्थापित लोकतांत्रिक शैली पर काम करने वाली सरकारों से सुशासन और विकास की नई अपेक्षाएं करनी होंगी।

भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहने में हम सभी गौरवान्वित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अभी आठ जून को अमेरिकी संसद के संयुक्त अधिवेशन में इसका उल्लेख किया। लेकिन क्या बड़ा लोकतंत्र होना ही गौरव की बात है? क्या हमें एक अच्छा लोकतंत्र होने का प्रयास नहीं करना चाहिए? ज्यादातर लोग इसी बात से खुश हो जाते हैं कि स्वतंत्रता के बाद से हमारे यहां बराबर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होते रहे हैं। चुनाव-आयोग, केंद्रीय सरकार, राज्य-सरकारें, प्रशासन और जनता सभी को इस पर गौरव होना स्वाभाविक है। लेकिन हमें यह समझना होगा कि चुनाव लोकतंत्र की धड़कन तो है, उसके जीवंत होने का प्रमाण तो है, पर उसके स्वस्थ, संपन्न और गुणवत्तापूर्ण होने का प्रमाण नहीं। चुनाव को लोकतंत्र का पर्याय नहीं कहा जा सकता। हमें चुनावों से आगे जाना होगा, हमें चुनावों द्वारा स्थापित लोकतांत्रिक शैली पर काम करने वाली सरकारों से सुशासन और विकास की नई अपेक्षाएं करनी होंगी। हमें ऐसी सरकारों से यह दरकार होगी कि वे देश में एक नई राजनीतिक-संस्कृति के माध्यम से दक्ष, प्रभावी और मितव्ययी प्रशासन स्थापित करें जो पारदर्शी, स्वच्छ एवं संवेदनशील हो।

इसी संदर्भ में देश में लोकसभा, विधानसभाओं, नगरपालिकाओं और पंचायतों का चुनाव एक साथ करने का सुझाव महत्वपूर्ण हो जाता है। वैसे तो चुनाव-सुधारों की चर्चा प्राय: होती रहती है, लेकिन हाल में संसदीय-समिति ने दिसंबर 2015 में अपने प्रतिवेदन में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी। इस पर विधि-मंत्रालय ने चुनाव आयोग से राय मांगी। आयोग ने मई के प्रथम सप्ताह में इस पर अपनी सहमति दे दी। गौरतलब है कि विगत लोकसभा चुनावों में भाजपा ने भी इसे अपने घोषणापत्र में रखा था और मार्च 2016 में मोदी ने भाजपा की बैठक में देश में सभी चुनावों को एक साथ कराने की हिमायत भी की। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी इस विचार के समर्थक रहे हैं और 28 मई 2010 के अपने ब्लॉग में उन्होंने यह भी लिखा कि कुछ समय पूर्व एक रात्रि भोज के दौरान इस मुद्दे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और तत्कालीन वित्तमंत्री प्रणब मुखर्जी भी एक साथ चुनावों के विचार से सहमत दिखे। संविधान लागू होने के बाद चार बार (1951, 1957, 1962, 1967) लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए। लेकिन 1967 में आठ राज्यों-बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मद्रास (तमिलनाडु) और केरल में गैर-कांग्रेसी सरकारें बनने से संपूर्ण संघीय ढांचे पर कांग्रेस का एकछत्र वर्चस्व खत्म होने की शुरुआत हो गई। गैर-कांग्रेसी सरकारों को भंग करके उन राज्यों में मध्यावधि चुनाव कराए गए। तबसे लेकर आज तक एक साथ चुनावों का चक्र बन नहीं पाया जिससे हर समय देश में कहीं न कहीं चुनाव चलता ही रहता है।

एक साथ चुनाव करने का विचार तो अच्छा है, लेकिन उसमें अनेक बाधाएं हैं जिन्हें दूर करने के बारे में राष्ट्रीय सहमति जरूरी होगी। सबसे बड़ी बाधा संवैधानिक है। संविधान ने हमें लोकतंत्र का संसदीय-मॉडल दिया जिसमें यद्यपि लोकसभा और विधानसभाएं पांच वर्षों के लिए चुनी जाती हैं, लेकिन अनु. 85 (2) ब के अनुसार राष्ट्रपति लोकसभा को और अनु. 174 (2) ब के अंतर्गत राज्यपाल विधानसभा को पांच वर्ष के पूर्व भी भंग कर सकते हैं। अनु. 356 के तहत राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है और विधानसभाओं को आपातकाल की स्थिति में उनके कार्यकाल के पूर्व भी भंग किया जा सकता है। अनु. 352 के तहत युद्ध, वाह्य-आक्रमण और सशस्त्र-विद्रोह की स्थिति में राष्ट्रीय-आपात लगाकर लोकसभा के कार्यकाल को पांच-वर्ष के आगे बढ़ाया भी जा सकता है। इसके अतिरिक्त अनु. 2 के अंतर्गत संसद किसी नए राज्य को भारतीय संघ में शामिल कर सकती है और अनु. 3 द्वारा कोई नया राज्य बना सकती है, जिनके चुनाव अलग से कराने पड़ सकते हैं। यदि नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव भी संसद और विधानसभाओं के साथ कराने का सुझाव भी जोड़ दिया जाए तो संविधान के भाग 9 अनु. 243 में भी कई संशोधन करने पड़ेंगे। ऐसे संवैधानिक संशोधनों में आधे राज्यों की सहमति भी आवश्यक होगी।

ज्यादातर यूरोपीय देशों ने संसद के निर्वाचित सदन के स्थायित्व का मॉडल अपनाया है और इंग्लैंड, जहां से हमने अपने संविधान का मॉडल लिया, वहां भी कॉमन सभा का कार्यकाल निश्चित करना सोचा जा

रहा है। इस पूरी योजना में संसद द्वारा सरकार (कार्यपालिका) हटाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा, बल्कि सरकार (कार्यपालिका) द्वारा संसद और विधानसभाओं को हटाने पर प्रतिबंध लग जाएगा। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भारत में ऐसा हो पाना संभव नहीं लगता। लेकिन एक साथ चुनाव कराने के फायदे बहुत हैं। एक, पूरे देश में केवल एक ही मतदाता सूची होगी। अभी लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों की अलग-अलग मतदाता सूचियां है। अक्सर मतदाता का नाम एक सूची में होता है, लेकिन दूसरी सूची में नहीं होता, जिससे वह मतदान से वंचित हो जाता है। दो, देश को प्रतिवर्ष चुनाव से राहत मिलेगी और सरकारों व जनता को पांच वर्ष तक अपने-अपने काम पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। तीन, रोज-रोज के चुनावों से विकास कार्य प्रभावित होते हैं। कहीं मॉडल-कोड ऑफ कंडक्ट के कारण विकास रुकता है तो कहीं नौकरशाह चुनावों का बहाना बनाकर विकास कार्यों से बचते हैं।

चार, देश में चुनावों में हिंसा रोकना एक बड़ी चुनौती होती है, जिसमें पुलिस, अर्ध-सैनिक बल और कभी-कभी सेना भी बुलानी पड़ती है। यदि पांच साल के बाद चुनाव हों तो उनको भी बड़ी राहत मिलेगी। पांच, रोज-रोज के चुनावों में सबसे ज्यादा नुकसान स्कूल-कॉलेज के बच्चों का होता है, उनकी पढ़ाई में व्यवधान आता है। प्राइमरी स्कूल के शिक्षक तो अक्सर मतदाता सूची बनाने से लेकर चुनाव में मतगणना तक सभी कार्यों के लिए बाध्य किए जाते हैं, जो देश के भावी-कर्णधारों के साथ एक खिलवाड़ है। और इसके अलावा देश की विविधता के चलते चुनावों में सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ने और जातीय-उन्माद बढ़ने की भी संभावना बहुत बढ़ जाती है, जो सरकारों के लिए सिरदर्द और समाज के लिए अभिशाप बन जाती है। यदि वास्तव में संसद, चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और जनता इस सुझाव पर संजीदगी से विचार करें तो पूरे देश में सभी संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव एक साथ जरूर कराए जा सकते हैं। इससे भारतीय लोकतंत्र न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाएगा, बल्कि संभवत: वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र बनने की दिशा में एक मजबूत कदम भी बढ़ाएगा।

**[ लेखक डॉ. एके वर्मा, सेंटर फॉर द स्टडी आफ सोसाइटी एंड पॉलिटिक्स के निदेशक हैं ]**